हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

04 ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने किया...



07 स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव में 60 वर्ष से अधिक के ...



## खबर संक्षेप

### 15वां जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण शिविर 5 मई से

**सीहोर।** जिला कॉकी संघ, फातिका क्लब द्वारा आयोजित 15 वाँ जिला स्तरीय निःशुल्क ग्रीष्मा कालीन बालक व बालिकाओं का हॉकी प्रशिक्षण शिविर 5 मई से होम गार्ड ग्राउण्ड पर आयोजित होने जा रहा है। जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि हॉकी प्रशिक्षण शिविर में 6 वर्ष से 19 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं को पूर्व ओलंपियन व एनआईएस कोचों द्वारा हॉकी प्रशिक्षण दिया जावेगा। हॉकी संघ के सचिव रसूल सिद्दिकी एवं सह सचिव अफशा अहमद ने बताया कि इस ग्रीष्म कालीन शिविर में स्कूल, कालेज के छात्र-छात्राऐं भाग ले सकते है एवं इस शिविर में खिलाडियों को हॉकी की बारिकियाँ सिखाई जाती है। खेल अधिकारी रूबीका दीवान मेडम के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। इसमें भाग लेने के लिए इच्छुक खिलाड़ी होम गार्ड ग्राउंड मण्डी सीहोर में रसूल सिद्दिकी से संपर्क कर सकते हैं।

### सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में सीहोर तीसरे स्थान पर

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के कुशल मार्गदर्शन एवं जिले के अधिकारियों के गंभीर प्रयासों का नतीजा है कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में सीहोर जिला प्रदेश में तीसरे पायदान पर आ गया है। सीएम हेल्पलाइन की 20 अप्रैल को जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में सीहोर जिला ग्रुप-ए में तीसरे नम्बर पर आया है। सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग के अनुसार सीहोर जिले में माह मार्च में कुल 6057 शिकायतों का 84.13 वेटेज स्कोर तथा ऱएऱ ग्रेड श्रेणी के साथ निराकरण किया गया। जबकि सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में रायसेन प्रथम स्थान पर तथा गुना दूसरे स्थान पर रहा।

कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि समय समय पर शिकायत के निराकरण के पश्चात शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाता है। कलेक्टर बालागुरू के. ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में प्रदेश में तीसरे स्थान पर आने पर जिले के सभी अधिकारियों सहित जिले की पूरी टीम को बधाई दी है और अगली बार प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय सेवकों का हमेशा यह प्रयास होना चाहिए कि लोगों की शिकायतों और समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कर उन्हें राहत दी जाए। अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए हैं कि सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों व समस्याओं का केवल निराकरण ही नही करना है, बल्कि निराकरण संतुष्टिपूर्ण हो, इसका हमेशा प्रयास किया जाए।

## बूंद-बूंद को तरसते सीहोर के गांव: 300 करोड़ से घटाकर 80 करोड़ हुआ पानी का बजट

# जल संकट के बीच बजट में 75 प्रतिशत की कटौती महिलाएं खाली बर्तनों को बजाकर जता रहीं विरोध

2 किमी दूर झिरी खोदकर पीने को मजबूर ग्रामीण । नए बोर के लिए 5 विभागों की मंजूरी का पेंच





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में भीषण गर्मी के साथ जल संकट भी गहरा गया है। सीहोर जिले के ग्रामीण इलाके रेगिस्तान में बदलते नजर आ रहे हैं। हालात ये हैं कि ग्रामीणों को प्यास बुझाने के लिए 2 किलोमीटर दूर जाकर झिरी खोदनी पड़ रही है। इसी बीच विधानसभा में पेश बजट में जल संकट से निपटने वाली राशि में भारी कटौती ने जनता की चिंता बढ़ा दी है।

### बजट में कटौती से बढ़ी परेशानी

सूत्रों के अनुसार, पहले जल संकट से निपटने, नए नलकूप खनन और हेडपंप मरम्मत के लिए लगभग 300 करोड़ रुपये का प्रावधान था। इस बार इसे घटाकर महज 80 करोड़ रुपये कर दिया गया है। यानी सीधे 75% बजट कम कर दिया गया। सवाल उठ रहा है कि इतनी कम राशि में प्रदेश के हजारों गांवों की प्यास कैसे बुझेगी?

ग्रामीणों का कहना है, सड़क-बिजली की कमी कुछ दिन सही जा सकती है, लेकिन पानी के बिना एक दिन भी जीना मुश्किल है। खाना न मिले तो सह लेंगे, पानी न मिले तो जान पर बन आती है।

### नई प्रक्रिया बनी रोड़ा

बताया जा रहा है कि अब नया नलकूप लगाने के लिए 5 विभागों की संयुक्त सहमति जरूरी होगी। इस समिति में कलेक्टर, जिला पंचायत, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और लोक निर्माण विभाग शामिल होंगे। पहले लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सीधे काम कर देता था, अब मंजूरी में महीनों लग सकते हैं।

### आदेश के बाद भी काम ठप

ग्रामीणों का आरोप है कि मुख्यमंत्री कार्यालय और मुख्य सचिव कार्यालय से सीहोर जिले के गांवों में नए नलकूप खनन के दूरभाष पर निर्देश दिए गए। पीएचई मंत्री, जो सीहोर की प्रभारी मंत्री भी हैं, ने भी प्रमुख अभियंता और कलेक्टर सीहोर को लिखित आदेश दिए। बावजूद इसके जिला प्रशासन आदेश मानने को तैयार नहीं है।

### महिलाओं की चेतावनी

प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र बोर नहीं हुए तो पहले कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन होगा। फिर भी सुनवाई न हुई तो भोपाल जाकर मंत्री निवास और मुख्यमंत्री निवास पर पानी की मांग करेंगी।

### जमीन पर क्या हैं हालात?

1. ग्राम पंचायत रोला, आलमपुरा, पचामाः महिलाओं ने हेडपंप पर लंबी लाइन लगाकर खाली बर्तन बजाए। मांग की कि गांव में तुरंत नए बोर लगाए जाएं। अनसूया बाई, ताराबाई, कालबाई, नीता बाई ने बताया कि सुबह से शाम तक पानी की तलाश में भटकना पड़ता है।
2. 2 किमी दूर झिरीः कई गांवों में हेडपंप सूख चुके हैं। ग्रामीण मजबूरन गांव से 2 किलोमीटर दूर खेतों में झिरी खोदकर मटमैला पानी पी रहे हैं।
3. पलायन को मजबूरः दर्जनों परिवार पानी के अभाव में घरों में ताला लगाकर खेतों या शहरों में रहने चले गए हैं। बच्चे-बुजुर्ग कड़ाके की धूप में कुओं से पानी ढो रहे हैं।
4. लाडली बहनों का दर्दः ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि ऱलाडली बहना योजना की पूरी कमाई पानी खरीदने में चली जाती है।



### जनता की मांग

जल संकट से जूझ रही जनता को मीडिया से उम्मीद है कि वह उनकी आवाज सरकार तक पहुंचाए। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि जल संकट को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर बजट बढ़ाया जाए, ताकि किसी को बूंद-बूंद पानी के लिए न भटकना पड़े।

# सीवन के लिए 'पुत्र-पुत्रियों' ने मैदान संभाला, मन में जिद लिए जीवनदायिनी को बचाने बहा रहे पसीना

### हर साल दावे करने वाला प्रशासन इस बार शांत, गंदे सीवेज का पानी अब भी नदी में जहर घोल रहा




**सीहोर।** आज जब पूरी दुनिया विश्व पृथ्वी दिवस मना रही है और पर्यावरण संरक्षण की बड़ी-बड़ी कसमें खाई जा रही हैं, तब सीहोर शहर की पहचान और यहां की जीवनदायिनी 'सीवन नदी' अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। कभी निर्मल जल के लिए जानी जाने वाली यह नदी आज गंदगी, सीवेज और प्रशासनिक उदासीनता के कारण एक नाले में तब्दील होती जा रही है।

बता दें जहां सरकारी तंत्र मौन है, वहीं शहर के जागरूक युवाओं की टोली 'सीवन पुत्र-पुत्रियों' के नाम से उम्मीद की किरण बनकर उभरी है। ये युवा अपनी मेहनत और जनसहयोग से नदी में छाई जलकुंभी को हटाने का भगीरथ प्रयास कर रहे हैं। बिना किसी आधुनिक मशीनरी के तपती दोपहर और कड़ी धूप में ये युवा नदी को साफ करने में जुटे हैं। विडम्बना देखिए कि इन युवाओं को सरकारी स्तर पर न तो कोई मदद मिल रही है और न ही संसाधन। फिर भी अपनी नदी-अपनी जिम्मेदारी के भाव से ये युवा पसीना बहा रहे हैं।

### देश भर में बनी आस्था का केन्द्र

मालूम हो कि सीवन नदी की महत्ता केवल भूगोल तक सीमित नहीं है, यह लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा निकाली जाने वाली भव्य कांवड़ यात्रा में लाखों श्रद्धालु इसी सीवन नदी से जल भरकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करते हैं। पंडित जी देश भर में अपनी कथाओं के दौरान सीवन की महिमा बताते हैं, जिसके चलते कुबेरेश्वर धाम आने वाले श्रद्धालु यहां पवित्र स्नान की इच्छा लेकर पहुंचते हैं, लेकिन जब वे नदी की वर्तमान दशा, मटमैला पानी और दुर्गंध देखते हैं तो उनकी धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं।

### पृथ्वी दिवस पर शहरवासियों की मांग

आज पृथ्वी दिवस के मौके पर स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों और शहरवासियों ने मांग की है कि शहर के गंदे पानी को नदी में मिलने से तुरंत रोका जाए। जलकुंभी हटाने के लिए केवल युवाओं के भरोसे न रहकर प्रशासन आधुनिक मशीनरी लगाए। नदी के प्राकृतिक स्वरूप को लौटाने के लिए वैज्ञानिक तरीके से गहरीकरण का काम शुरू हो।

**प्रशासनिक दावों की 'सूखती' धार :** हैरानी की बात यह है कि हर साल गर्मी शुरू होते ही नगर पालिका और जिला प्रशासन सीवन पुनरुद्धार के बड़े-बड़े दावे करता था। गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के प्रोजेक्ट फाइलों में तो बहुत तैरते हैं, लेकिन इस बार प्रशासन की ओर से कोई हलचल दिखाई नहीं दे रही है।

**चारों ओर छायी रहती थी हरियाली :** बुजुर्ग बताते हैं कि एक समय था जब सीवन का स्वरूप इतना भव्य था कि शहर की बड़ी आबादी पेयजल के लिए इसी पर निर्भर थी। स्वच्छ पानी के कारण भू-जल स्तर बना रहता था और चारों ओर हरियाली रहती थी। लेकिन अनदेखी ने आज इसकी तस्वीर बदल कर रख दी है।

तीन दिन में व्यवस्था ठीक नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

# दूषित जल प्रदाय व व्याप्त गंदगी के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा




हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विगत कुछ दिनों से नगर में हो रहे दूषित जल प्रदाय व नगर में व्याप्त गंदगी को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोलते हुए सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर तीन दिन में व्यवस्था ठीक करने की मांग के साथ ही चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है। बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय नगर परिषद की सीएमओ मिनी अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि नगर परिषद द्वारा नगर में जो जल प्रदाय किया जा रहा है वह गंदा, बदबूदार, पीने योग्य व नहाने योग्य नहीं है। जिसके कारण नगर में बीमारी फैलने की आशंका है। ज्ञापन में बताया गया कि नगर में जगह जगह कचरे व गंदगी के ढेर पड़े हुए हैं जिनके कारण भी बीमारी फैलने की आशंका है।

ज्ञापन में मांग की गई कि तीन दिवस में नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए व नगर की नालियों व नालों की नियमित रूप से सफाई करवाई जाए। साथ ही स्थान स्थान पर पड़े कचरे व गंदगी के ढेरों को तत्काल उठाया जाए। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि तीन दिवस में व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध आंदोलन करेगी। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राधेश्याम भालोट, नगर अध्यक्ष अब्दुल वहीद मेव, बंशीलाल पाटीदार, कांताप्रसाद शर्मा, पार्षद देवेंद्र गुप्ता, पार्षद विष्णु आटेडिया, विपिन पाटनी, अब्दुल रसीद मेव, शौकत अली, विपिन पाटनी, गिरिराज मौर्य, प्रणय नीमा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मंदिर व दादावाड़ी में परमात्मा की मनमोहक आंगी रचना की गई

# मंत्रोच्चार के साथ मंदिर शिखर पर चढ़ाई नूतन धर्म ध्वजा









हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मंत्रोच्चार के साथ परमात्मा के मंदिर शिखर पर लाभार्थी परिवारों द्वारा नूतन ध्वजा चढ़ाई गई। मंदिर व दादावाड़ी में परमात्मा की मनमोहक आंगी रचना की गई। नगर के गुदरावन मार्ग पर स्थित श्रीपार्श्व कुशल जिन मंदिर दादावाड़ी की प्रतिष्ठा के चार वर्ष पूर्ण होने पर मंदिरजी की चतुर्थ ध्वजा कार्यक्रम बुधवार को चंदनबाला श्रीजी म.सा आदि ठाणा 5 के सानिध्य में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इसके पूर्व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से दादावाड़ी में ध्वजारोहण हेतु प्रवेश व बधामणा का चल समारोह सकल श्रीसंघ के साथ प्रातः 9 बजे प्रारंभ हुआ। जिसमें श्री चंद्रप्रभु बहुमंडल की सदस्याएं घोष बैंड के साथ शामिल थी, वहीं लाभार्थी परिवार सिर पर नूतन धर्म ध्वजा धारण घर चल रहा था। वहीं बसंताबाई मूलचंद सकलेचा परिवार पार्श्वनाथ भगवान को अर्पण करने के लिए रजत मुकुट हाथों में लेकर चल रहा था।



### परमात्मा को रजत मुकुट चढ़ाया

श्री पार्श्व जिनालय व श्री जिनकुशलसूरी दादावाड़ी मंदिर शिखर पर नूतन ध्वजा चढ़ाने के अवसर पर बसंता बाई मूलचंद सकलेचा परिवार द्वारा श्री पार्श्वनाथ भगवान को रजत मुकुट चढ़ाया गया।

ध्वजारोहण के इस कार्यक्रम में मंदिर में प्रातः 9:30 बजे सतर भेदी पूजन रखी गई। पूजन दीपक मालू भोपाल द्वारा पढ़ाई गई। इस मौके पर राजेश बोहरा तथा तरुण डागा भोपाल भी उपस्थित थे। मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण विजय मुहूर्त के समय में लाभार्थी परिवार मातुश्री कमलाबाई प्रेमचंद धूपिया, पुत्र जयंत कुमार, दिनेश कुमार, डॉ राकेश धूपिया परिवार, मातुश्री चंद्रकांता बेन सागरमल तिलगोता पुत्र राजेशकुमार, यशकुमार, कियांशकुमार तिलगोता, मातुश्री पारस बेन प्रेमचंद तिलगोता पुत्र प्रीतेश, सोहम कुमार तिलगोता परिवार द्वारा मंदिर स्वर्ण शिखर पर धर्म ध्वजा विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ चढ़ाई गई। इसके पूर्व ध्वजा को सिर पर धारण कर मंदिर परिसर में परिक्रमा की गई तथा लाभार्थी परिवारजनों ने ध्वजा की वासक्षेप से पूजा तथा आरती की गई। इस अवसर पर परमात्मा का दरबार जयकारो से गूंज उठा तथा खुशी से झूमते नाचते समाजजनों ने शिखर पर अक्षत वर्षा की गई। तत्पश्चात दादावाड़ी परिसर में ही समाज के स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम भी लाभार्थी परिवारों की ओर से रखा गया है। इस अवसर पर श्रीपार्श्व कुशल दादावाड़ी ट्रस्ट द्वारा लाभार्थी परिवारों का बहूमान किया गया।

# मां बगलामुखी मंदिर मार्ग की नालियों की नहीं हुई सफाई

### रहवासी निजी खर्च से कर रहे मच्छर मार दवाई का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर के प्रमुख मार्ग मां बगलामुखी मंदिर मार्ग नगर की स्वच्छता की पोल खोल रहा है। यहां की मलबे से भरी नालियां यह सिद्ध कर रही है कि जिम्मेदार नगर की स्वच्छता के प्रति गंभीर नहीं है। फिर चाहे पसरी गंदगी से उठने वाली बदबू और पनपते मच्छरों से नागरिक बीमार ही क्यों नहीं हो। उक्त मार्ग के रहवासियों व दुकानदारों ने बताया कि मार्ग पर स्थित नालियों में मलवा जमा होने से गंदा पानी एकत्र हो रहा है, जिससे मच्छर पनप रहे हैं जिसके कारण बीमारी फैलने की आशंका बन रही है। इसी आशंका के कारण अपने निजी खर्च से मच्छर नाशक दवाई का छिड़काव उनके द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चार माह से नगर परिषद के दरोगा, पार्षद, सीएमओ तक को लगातार सूचना देने के बाद सिर्फ खाना पूर्ति करने के लिए एक बार सफाई कर दी गई। उन्होंने बताया आज भी नाली पूरी भरी हुई है जिसके कारण बदबू और मच्छर से आसपास के रहवासी परेशान हैं।

रहवासी कुदबुद्दीन बोहरा ने बताया कि गंदगी से भरी नाली में पनप रहे कई तरह के कीड़े घर में आ जाते हैं। कई बार शिकायत करने पर भी स्थिति वैसी की वैसी बनी हुई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में एक बार सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की गई थी उसके बाद थोड़ी सफाई कर दी गई थी लेकिन आज भी स्थिति उसी तरह की बनी हुई है। रहवासियों ने नालियों की नियमित सफाई करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### सांगते वालंटियर भाजपा गौ प्रकोष्ठ युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त



देवास। राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वालंटियर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवप्रकाश शुक्ला एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ प्रकोष्ठ ममता भारद्वाज के निर्देशन में वालंटियर भाजपा गौ प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेश शर्मा पत्रकार की सहमति से कपिल सोनी वालंटियर भाजपा गौ प्रकोष्ठ युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने लक्की सांगते को प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वालेंटियर् भाजपा गौ प्रकोष्ठ युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया। गौ प्रकोष्ठ का उद्देश्य गौ माता की सेवा संरक्षण एवं संवर्धन करना है। प्रदेश अध्यक्ष ने आशा व्यक्ति की है कि लक्की सांगते संगठन को गांव-गांव तक पहुंचने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। लक्की सांगते वालंटियर भाजपा गौ प्रकोष्ठ युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर इष्ट मित्रों एवं स्नेहीजनों ने बधाई दी।

### जटाशंकर तीर्थस्थल पर कुंड की साफ-सफाई की



देवास। कलेक्टर ऋतुराज सिंह मार्गदर्शन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत बागली क्षेत्र में जटाशंकर तीर्थस्थल पर स्थित कुण्ड की साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस अभियान में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में नगर विकास प्रस्फुटन समिति बागली एवं नवांकुर समिति संत केशवदास महाराज सेवा समिति बागली के सदस्यों ने मिलकर कुण्ड के आसपास साफ-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' साथ ही नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीणों क्षेत्रों में दीवारों एवं कुएं-बावड़ियों की साफ-सफाई की जा रही है तथा जल संरक्षण संबंधी स्लोगन लिखकर संदेश दिया जा रहा है।

## देवास पुलिस की बड़ी उपलब्धि: 92 में से 91 अपहृत नाबालिगों को ढूंढा

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने किया कमाल, 900 किमी दूर से नाबालिग दस्तयाब

### उपनिरीक्षक कपिल नरवले के नेतृत्व में टीम पहुंची लखनऊ, मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

ऑपरेशन मुस्कान" के तहत देवास पुलिस ने त्वरित और सटीक कार्रवाई करते हुए थाना पीपलरवां क्षेत्र से लापता नाबालिग बालक को महज 9 दिनों में करीब 900 किलोमीटर दूर लखनऊ (उत्तर प्रदेश) के थाना दुबग्गा क्षेत्र से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन और एसडीओपी सोनकच्छ दीपा माण्डवे के निर्देशन में थाना प्रभारी सुबोध गौतम व उपनिरीक्षक कपिल नरवले के नेतृत्व में टीम लगातार सक्रिय रही। मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बालक के लखनऊ में होने की पुष्टि होते ही विशेष टीम रवाना की गई और 22 अप्रैल को उसे सुरक्षित ढूंढ लिया गया।



#### 92 में से 91 नाबालिगों को निकाला ढूंढ

मामले में नाबालिग के बयान और न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।एसपी पुनीत गेहलोद के अनुसार वर्ष 2026 में जिले में 92 अपहृत नाबालिगों के प्रकरण दर्ज हुए, जिनमें से 91 बच्चों को सकुशल दस्तयाब किया जा चुका है। यह आंकड़ा देवास पुलिस की सतर्कता, तकनीकी दक्षता और त्वरित कार्रवाई का प्रमाण है।

## बी फार्मा के छात्र के साथ हुई चाकूबाजी की घटना

### गंभीर घायल, इंदौर रेफर



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के बालाजी नगर क्षेत्र में मंगलवार रात एक बी-फार्मा छात्र पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना मंगलवार रात करीब 11:30 बजे की है, जिसमें छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र की पहचान रेहान शेख के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, उसे उसका एक दोस्त इलाज के बहाने घर से बुलाकर बालाजी नगर ले गया था, जहां पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उस पर हमला कर दिया।बताया जा रहा है कि हमलावरों ने पहले रेहान के साथ मारपीट की, इसके बाद उस पर चाकू से हमला किया। परिजनों के मुताबिक, उस पर 6 से 7 बार चाकू से वार किए गए।घटना के बाद रेहान को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे इंदौर रेफर कर दिया। रेहान एक निजी कॉलेज से बी फार्मा की पढ़ाई कर रहा है और आगामी शनिवार को उसकी परीक्षा भी निर्धारित है।घायल के अंकल रईस शेख ने बताया कि रेहान को उसका एक साथी बुलाकर ले गया था, जहां पहले से मौजूद लोगों ने उस पर हमला कर दिया। हमले की वजह सामने नहीं आई है। कोतवाली टीआई श्याम चंद्र शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम अस्पताल पहुंची। जांच में सामने आया कि घटना स्थल औद्योगिक क्षेत्र में आता है, इसलिए संबंधित थाना पुलिस को सूचित कर दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

## आयुक्त ने राजस्व विभाग की समीक्षा में कचरा संग्रहण वसूली पर किया फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



निगम सीमा क्षेत्र में स्थित भवन भूमि के संपत्तिकर, जलकर एवं कचरा संग्रहण वसूली को लेकर आयुक्त दलीप कुमार ने बैठक आहूत कर संबंधित नाकेदारों को दिशा निर्देश दिए। आयुक्त ने पूरी राजस्व टीम को उनकी लगन एवं मेहनत से लक्ष्य से अधिक वसूली पर बधाई दी।आयुक्त ने निरंतर राजस्व वसूली को लेकर सभी नाकेदारों को करंट डिमांड सुधारने पर फोकस करने को कहा। उन्होंने बताया कि जीआईएस सर्वे अनुसार 1200 प्रॉपर्टी ऐसी हैं जिन्हें चिन्हित नहीं किया गया है और न ही उनके खाते खोले गए हैं। इन्हें चिन्हित कर मौके पर नपती करें तथा डिफरेंस वाली प्रॉपर्टी का कुल एरिया निकालकर उनके खाते खुलवाकर राशि जमा करवाएं। जिन वार्डों से वसूली प्रभावित हुई है उन वार्डों पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए सुधार के लिए पूरी मेहनत करने के निर्देश दिए। वसूली का प्रतिशत बढ़ाने के लिए इन कमजोर वार्डों में बकायादारों से सतत संपर्क कर वसूली करें। वार्ड से राजस्व वसूली का पूरा प्लान बनाएं, टारगेट फिक्स करें तथा वार्डों में प्रॉपर्टी चिन्हित करें। जिन प्रॉपर्टियों की बकाया राशि जमा नहीं हुई है उन पर कुर्की की कार्रवाई प्रस्तावित करने को कहा। निर्धारित लक्ष्य अनुरूप कचरा संग्रहण शुल्क में प्रगति नहीं होने पर आयुक्त ने अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने वसूलीकर्ताओं को दिए गए लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं आने पर वेतन रोके जाने की चेतावनी दी। आयुक्त ने कहा कि माह के 10 दिवस शेष हैं, मेहनत करें। दी गई पीओएस मशीन से कचरा संग्रहण वसूल करें। कचरा संग्रहण शुल्क वसूली के दिए गए लक्ष्य अनुरूप वसूली नहीं करने पर वेतन आहरण नहीं किया जाएगा।

## जनसुनवाई में आई समस्याओं का निराकरण समय सीमा में करने महापौर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



बुधवार को आयोजित महापौर जनसुनवाई में महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल द्वारानागरिकों की समस्याओं का निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश दिए। महापौर ने निगम बैठक हाल में नागरिकों से उनकी निगम संबंधि समस्याओं के आवेदन लेकर आवेदन मे बताई गई समस्या के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवेदनों का निराकरण किये जाने के निर्देश दिए। महापौर ने नागरिकों से प्राप्त आवेदनों में वार्ड 21 गंगा नगर कालोनी पर अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण को हटवाने, वार्ड 7 पुष्पकुंज कालोनी मे रोड पर अवैध अतिक्रमण को हटाने, राजाराम नगर ब्रिज के नीचे अवैध अतिक्रमण हटाने, लक्ष्मी पार्क रोड पर कम प्रेशर से पानी आने एवं अन्य निगम संबंधित समस्याओं के आवेदनों को निरकारण के लिए संबंधित विभागों मे भेजा गया। जनसुनवाई के दौरान महापौर गीता अग्रवाल ने विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के साथ 6 व्यवसाईयों को खाद्य एवं अखाद्य लायसेंसों का वितरण किया गया। इस अवसर पर निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, आरती खेडेकर, उपायुक्त वित्त दिपक पटेल, प्र.कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, जगदीश वर्मा, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी सौरभ त्रिपाठी, सहायक यंत्री दिनेश चौहान, मुशाहीद हन्फी, कार्यालय अधिक्षक रणजीतसिंह पंजाबी, राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव, उपयंत्री श्याम सुन्दर रघुवंशी, राजेश कौशल, चंदन सोनी, जीवन रावत, पलक श्रीवास्तव, स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार, हेमन्त उबनारे, मुन्ना, विशाल जगताप एवं नागरिकगण व व्यवसाई उपस्थित थे।

## चिमनाबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत परियोजना स्तरीय कार्यक्रम हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




परियोजना अधिकारी डॉ. संदीप रूहल ने बताया कि समाज को स्वस्थ एवं सेहत के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पोषण पखवाड़े का आयोजन 09 से 23 अप्रैल तक किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए स्थानीय भोजन और मोटे अनाज के उपयोग को प्राथमिकता दिए जाने के लिए परियोजना स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय चिमनाबाई उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं में एनीमिया को कम करने के लिए आयरनयुक्त हरे पत्तेदार सब्ज़ियों, गुड चना, सहजन और विटामिन से युक्त फल सब्ज़ियों के सेवन आदि के उपयोग के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम में बच्चों में कुपोषण को ख़त्म करने के लिए बच्चों के खानपान के बारे में एवं प्रोटीन युक्त भोजन के उपयोग के बारे में समझा गया। कार्यक्रम में पोषण प्रदर्शनी कभी आयोजन किया गया, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण युक्त व्यंजन बनाकर लाए गए। ग्रामीणों में विभाग द्वारा वितरित पोषण आहार को लोकप्रिय बनाने के लिए कई रेसिपी प्रस्तुत की गई। सभी ने कुपोषण मुक्त आंगनवाडी के लिए शपथ ली। इस दौरान बताया गया कि भारत सरकार और मध्य प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं के कल्याण एवं सहभागिता के लिए अनेक योजनाओं के संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक सीमा चौहान, सीमा वर्मा, रचना गौड, सीमा सिकरवार, संतोष बैरागी, स्नेह शुक्ला, रंजीता पवार, शैलेश तोमर सहित महिला बाल विकास विभाग का अमला उपस्थित था।

## उत्कृष्ट विद्यालय के पूर्व छात्र रहे एसपी देवास ने उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



उत्कृष्ट विद्यालय के पूर्व छात्र रहे एसपी देवास ने उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं से की चर्चा देवास। उत्कृष्ट विद्यालय के पूर्व छात्र जिले के पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने बुधवार को उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं से आत्मीय मुलाकात की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए सराहा गया।उल्लेखनीय है कि इस वर्ष उत्कृष्ट विद्यालय देवास ने शानदार प्रदर्शन किया है। कक्षा 10वीं में जिले के टॉप-10 में से 5 छात्र इसी विद्यालय के रहे हैं, वहीं कक्षा 12वीं में भी टॉप-10 में से 3 विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया है। साथ ही राज्य स्तरीय मेरिट सूची में भी कक्षा 10वीं एवं 12वीं से एक-एक विद्यार्थी ने स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।एसपी द्वारा इन मेधावी विद्यार्थियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया गया एवं उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस दौरान गणित, बायोलॉजी, साइंस, कॉमर्स सहित विभिन्न स्ट्रीम के विद्यार्थी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा विद्यार्थियों को सी.ए., एम.बी.बी.एस , आई आई टी एवं अन्य प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई, तथा उन्हें यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं के बारे में भी बताया गया। मुलाकात के पश्चात सभी छात्र-छात्राओं को पुलिस कंट्रोल रूम का भी भ्रमण कराया गया, जिससे उन्हें पुलिस कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त हुई।

## बाल विवाह के विरुद्ध कार्रवाई कर दो अलग-अलग मामलों में रुकवाया बाल विवाह

# गोपनीय सूचना पर संयुक्त दल ने की त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के संकल्प के साथ निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विभाग को दो विभिन्न स्थानों पर बाल विवाह होने की गोपनीय सूचना प्राप्त हुई, जिस पर महिला एवं बाल विकास विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं थाना इंडस्ट्रियल एरिया के संयुक्त दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विवाह रुकवाए। जिले के नागरिकों से अपील है कि जागरूक नागरिक का परिचय देते हुए जिले के नागरिक बाल विवाह की सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर कॉल कर संबंधित विभाग को सूचना दें।दल को सूचना मिली कि वार्ड 45 नागदा क्षेत्र में एक बालिका का विवाह संपन्न कराया जा रहा है। संयुक्त दल ने मौके पर पहुंचकर बालिका के आयु संबंधी दस्तावेजों की जांच की। जांच में बालिका की उम्र मात्र 16 वर्ष पाई गई, जो कि विवाह के लिए निर्धारित कानूनी आयु से कम है। टीम द्वारा परिवार को बाल विवाह के कानूनी परिणामों की जानकारी दी गई, जिसके बाद परिजनों ने समझाइश मानकर विवाह रोक दिया। दूसरी कार्रवाई जय शिव कॉलोनी क्षेत्र में की गई, जहाँ दो बालकों का विवाह आयोजित किया जा रहा था। दल द्वारा की गई जांच में पाया गया कि विवाह कर रहे दो लड़कों में से एक बालक की उम्र 19 वर्ष थी, जो की शासन के नियम अनुसार विवाह की निर्धारित आयु 21 वर्ष से कम है,जबकि दूसरा बालिग था। कानून लड़कों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 21 वर्ष अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस और विभागीय टीम ने परिजनों को कड़ी समझाईश दी और नाबालिग बालक का विवाह रुकवाया गया।

#### संयुक्त दल की प्रभावी भूमिका

दोनों कार्रवाइयों में महिला एवं बाल विकास विभाग से संरक्षण अधिकारी संदीप किरार, दीक्षा कुशवाह, विनय निधार एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई से संध्या दुबे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दल ने परिजनों को स्पष्ट किया कि बाल विवाह न केवल एक सामाजिक बुराई है, बल्कि 'बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम' के तहत यह एक दंडनीय अपराध है, जिसमें 2 वर्ष जेल सजा या 1 लाख तक जुर्माने या दोनों का प्रावधान है।

## सीईओ शर्मा ने की समीक्षा, समय पर कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा की अध्यक्षता में जिला जिला पंचायत सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने जनपदवार समीक्षा कर समस्त कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गए। सीईओ जिला पंचायत शर्मा ने बैठक में देवास बाल वाटिका-2 की कार्ययोजना, समस्त गौशाला को आदर्श गौशाला बनाने की कार्ययोजना, जल गंगा संवर्धन अभियान, जनभागीदारी के कार्यों, जिले में रेल्वे एवं एनएचएआई के द्वारा किये जा रहे कार्य, एक बगिया मां के नाम अभियान की जनपदवार समीक्षा की। उन्होंने समस्त कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गए। बैठक में ईई आरईएस, जिंप के योजना प्रभारी, मनरेगा, एसबीएम, एनआरएलएम, समस्त सीईओ, जनपद सहायक यंत्री, एपीओ, एएओ, उपयंत्री आदि से संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप




### मेजर वेदांश शर्मा का दिल्ली में सम्मान

**ललितपुर।** जिले के प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखने वाले डा.राजेश शर्मा के सुपुत्र मेजर वेदांश शर्मा ने अपने उत्कृष्ट कार्य, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा से न केवल परिवार बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। दिल्ली में आयोजित एक विशेष सैन्य अवसर पर उन्हें आर्मी कमांडर दिलीप जैन द्वारा ऑन द स्पॉट साइटेशन एवं बैज प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान मेजर वेदांश शर्मा को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुकरणीय सेवा और कर्तव्य के प्रति अटूट निष्ठा के लिए दिया गया। सेना में इस प्रकार का तत्काल सम्मान बेहद गौरवपूर्ण माना जाता है, जो किसी अधिकारी की असाधारण कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। इस उपलब्धि से ललितपुर सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। परिजनों, शुभचिंतकों और नागरिकों ने मेजर वेदांश शर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेजर वेदांश शर्मा ने यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण और अनुशासन से किसी भी ऊंचाई को प्राप्त किया जा सकता है। उनकी इस उपलब्धि ने युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित किया है।

### ट्रक ने टैक्सी में मारी टक्कर, कई घायल

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बिरारी गांव के पास एक भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार ट्रक ने टैक्सी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक ही परिवार के कई सदस्य समेत दर्जनभर लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है। ग्राम टौरिया निवासी राम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 अप्रैल की सुबह करीब 7 बजे उसका भाई अपने परिवार के साथ ललितपुर रेलवे स्टेशन से टैक्सी (नंबर यूपी 94 एटी 4480) से घर लौट रहा था। रास्ते में बिरारी स्थित पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक (नंबर एमपी 16 जेडएफ 7929) ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए टैक्सी में टक्कर मार दी। हादसे में टैक्सी सवार रामबरन, उनकी पत्नी रामदेवी, पुत्र राधे, पुत्री अंजली सहित कई अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में अन्य कई लोग भी शामिल हैं, जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए झांसी स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां रामदेवी की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### महिला के सिर पर रॉड से हमला किया

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौबयाना में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट कर दी। इस दौरान एक महिला के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त मोहल्ला चौबयाना निवासी वादी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 अप्रैल की रात करीब 11.30 बजे उसकी बेटी घर के बाहर खेल रही थी। तभी पड़ोस के युवक दिनेश ने बच्ची को चप्पल मारने की धमकी दी। बच्ची द्वारा जानकारी देने पर जब वादी ने इसका विरोध किया तो दिनेश गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि इसी दौरान दिनेश के साथ मौजूद रविन्द्र और विप्रंश ने मिलकर वादी के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर बीच-बचाव करने आई वादी की मां पर आरोपियों ने घर में घुसकर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई और अस्पताल में टांके लगाने पड़े। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने अपनी मां के इलाज में व्यस्त रहने के कारण कुछ देरी से रिपोर्ट दर्ज कराई।

---

### आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन व पं. रुद्रनारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज की पहल

# निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ, हाईवे व ग्रामीण क्षेत्रों में मिलेगा शीतल जल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए आसरा सोशल डवलपमेंट फाउंडेशन एवं पं. रुद्रनारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज खड़ोवरा (रोडा) के संयुक्त तत्वावधान में एक साथ आधा दर्जन से अधिक निशुल्क प्याऊ का भव्य शुभारंभ किया गया। इन प्याऊओं के शुरू होने से जहां ग्रामीण अंचलों के साथ-साथ हाईवे से गुजरने वाले राहगीरों को भीषण गर्मी में शीतल जल सुलभ हो सकेगा, वहीं इस जनसेवा कार्य की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि तपती गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और यह सेवा सीधे ईश्वर की सेवा के



समान है। इस पुनीत पहल का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष पं. हरिश्चंद्र रावत एवं राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान राज्य महिला आयोग सदस्य अर्चना पटेल ने क्रिकेट खिलाड़ी सुरभि राजा का माला पहनकर सम्मान किया और कहा कि इस तरह बच्चों छात्र-छात्राओं को खेल से प्रगति का मार्ग बनता हैं। यह पहल न केवल समाज में सेवा भावना को बढ़ावा दे रही है, बल्कि भीषण गर्मी में जरूरतमंदों के लिए जीवनदायी साबित हो रही है। संस्था के संस्थापक/प्रबंधक पं. सुनील शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्याऊ ग्राम रोंडा, पाचौनी, बरखिरिया, कारीटोरन इमलिया, बिरारी एवं ग्राम रजवारा (जहां दो प्याऊ स्थापित किए गए हैं) में स्थापित किए गए हैं। इन सभी स्थानों पर राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए शीतल जल की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे गर्मी के दौरान लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाना है और आगे भी ऐसे जनहितकारी कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर संस्थापक पं. सुनील शर्मा के साथ विद्यालय प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित, देवेंद्र शर्मा, वीरेंद्र प्रजापति, आयोजक केशवेंद्र सिंह रानू राजा, रौशन सिंह, पं. अरविंद दुबे, शिवम राजा, सीपू राजा, सौरभ सिंह लोधी, गजेंद्र सिंह खजरा, चाली राजा महेशपुरा, यादवेंद्र सिंह, जीवन कुशवाहा, चिन्नू राजा, शेरसिंह राजपूत, संदीप रैकवार, सौरभ राजा, क्रिकेट चैंपियन सुरभि राजा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

### प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में 100 दिवसीय विशेष अभियान

# स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव में 60 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों की जांच कर रही

**तंबाकू व शराब सेवन करने वालों, मधुमेह रोगियों और पूर्व टीबी मरीजों पर खास फोकस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 24 मार्च से शुरू हुआ 100 दिवसीय विशेष अभियान अब जिले में गति पकड चुका है सीएमओ डॉ इम्तियाज अहमद के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीमें गाँव-गाँव पहुंचकर 60 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों, तम्बाकू व शराब सेवन करने वालों, मधुमेह रोगियों और पूर्व टीबी मरीजों जैसे जोखिम समूहों की सघन जाँच कर रही है। सम्भांवित मरीजों की पहचान के लिये उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में आयुष्मान अरोग्य शिविर लगाकर एक्सरें, बलगम की जांच जैसी सुविधाए पूरी तरह निशुल्क दी जा रही है जांच में पाये गये घनात्मक रोगियों का इलाज किया जायेगा। सीएमओ डॉ इम्तियाज अहमद ने आमजन से टीबी के खिलाफ इस अभियान में सहयोग करने की अपील की। और कहा यदि परिवार में किसी को टीबी के लक्षण है तो तुरंत जांच कराये और पुष्टि होने पर उपचार का पूरा कोर्स ले ताकि इस रोग के प्रसार को रोका जा सके। टीबी की जांच और उपचार सभी सरकारी अस्पतालों मे निशुल्क उपलब्ध है अभियान में एआई तकनीक से लैस पोर्टेबल एक्सरें मशीनें सजीवनी साबित हो रही है जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ० आर०एन० सोनी ने बताया कि हल्की और आसानी से ले जायी जा सकने वाली इन मशीनों से अब सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों को घर के पास ही एक्सरें सुविधा मिल रही है। एआई आधारित तकनीक चंद सेकण्ड में सटीक रिपोर्ट



उपलब्ध कराकर संभावित मरीजों की त्वरित पहचान में मदद कर रही है। इन मशीनों से अब तक लगाये गये 49 शिविरों में 1578 एक्सरें किये जा चुके है उपजिला क्षय रोग अधिकारी डॉ धीरेन्द्र वैध ने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर दो सप्ताह से अधिक खांसी, बलगम में खून, लगातार बुखार और वजन कम होने जैसे लक्षणों के प्रति लोगों को सचेत कर रही है। जानकारी व सहायता के लिये टोल फी हेल्प लाइन नं भी जारी किया गया है।

---

### 2 घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड

# भूसा केंद्र में आग लगने से लाखों की संपत्ति राख



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले के खितवांस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चढऱऊ में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब मूलचंद निरंजन के भूसा केन्द्र में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और भूसे के बड़े-बड़े ढेर जलकर पूरी तरह राख हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि उसे काबू करना ग्रामीणों के बस में नहीं रहा। घटना में लाखों रुपये का भारी नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आग लगने की सूचना देने के बावजूद दमकल विभाग की गाड़ी करीब 2 घंटे की देरी से मौके पर पहुंची, जिससे नुकसान और अधिक बढ़ गया। यदि समय रहते दमकल पहुंच जाती, तो काफी हद तक आग पर काबू पाया जा सकता था। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आग लगने के कारणों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और पीड़ित को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट या लापरवाही इसकी वजह हो सकती है। प्रशासनिक कार्रवाई और राहत की उम्मीद में पीड़ित परिवार अब सरकार की ओर देख रहा है।

---

### बढ़ते तापमान को लेकर जिलाधिकारी ने एडवाइजरी जारी की

# पानी पीएं ताकि शरीर में पानी की कमी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बढ़ते तापमान के दृष्टिगत जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने एडवाइजरी जारी करते हुए बताया है कि गर्मी में शरीर के द्रव्य बॉडी फल्यूड सूखने लगते हैं। शरीर में पानी, नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। ऐसे में बचाव के उपाय अपनाकर इससे बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि लू से बचाव के लिए प्रचार माध्यमों पर हीट वेव, लू की चेतावनी पर विशेष ध्यान दें, विशेष रूप से गरम हवा के स्थिति जानने के लिये रेडियो सुने, टीवी देखे, समाचार पत्र पर स्थानीय मौसम पूर्वानुमान की जानकारी लेते रहे। अधिक से अधिक पानी पियें, यदि प्यास न लगा हो, तो भी पानी पीये ताकि शरीर में पानी की कमी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। हल्के रंग के पसीना पोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें। धूप में गमछे, चष्में, छाता, टोपी व पैरों में बप्पल का उपयोग अवष्य करें। अगर आप खुले में कार्य करतें हैं तो सिर, चेहरा, हाथ-पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें तथा छाते का प्रयोग करे। लू से प्रभावित व्यक्ति को छाये में लिटाकर सूती गीले कपड़े से पोछे अथवा नहलायें तथा चिकित्सक से सम्पर्क करें। यात्रा करते समय पीने का पानी अवश्य साथ रख लें, गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तमाल न करे, यह शरीर को निर्जलित कर सकते है। ओ०आर०एस० घोल घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड), नीबू पानी, छाछ, कच्चे आम से बना पन्ना आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सकें। अगर आपकी तबीयत ठीक न लगे, तो गर्मी से उत्पन्न हाने वाले विकारों, बीमारियों को पहचाने और किसी भी प्रकार की तकलीफ होने पर तुरन्त चिकित्सकीय परामर्श लें, अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे, दरवाजे आदि का उपयोग करें तथा शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठंडा करने हेतु इसे खोल कर रखें। पंखे, गीले कपड़ों का उपयोग करें तथा बार-बार अवश्यकतानुसार स्नान करें। कार्य स्थल पर तण्डे पीने का पानी रखें और उसका नियमित उपयोग करते रहें। कर्मियों को सीधी सूर्य की रोशनी में जाने से बचने हेतु सावधान करें। श्रमसाध्य कार्यों को उण्डे समय में करने कराने का प्रयास करें। घर से बाहर होने की स्थिति में आराम करने की समयावधि तथा आवृत्ति को बढ़ायें। गर्भवती महिला कर्मियों तथा रोगग्रस्त कर्मियों पर अतिरिक्त एवं विशेष ध्यान रखें। इसके अलावा धूप में खड़े वाहनों में बच्चे एवं पालतू जानवरों को धूप न छोड़ें। कड़ी धूप (खासकर दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक) के बीच सूर्य की रोशनी में जाने से बचें।

---

### मानकों और सुरक्षा को ताक पर रखा

# मोबाइल टॉवर से आफत में ग्रामीणों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

प्राइवेट सेक्टर कैसे सरकारी मशीनरी का उपयोग कर आमजन के जीवन से खुलेआम खिलवाड़ कर रहे है। इसका ताजा उदाहरण तहसील तालबेहट के ग्राम हर्षपुर में देखने को मिला, जहां एक निजी मोबाइल टॉवर कम्पनी मानकों और सुरक्षा को ताक पर रखकर लोगों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। इस प्रकार के आरोप लगाते हुये ग्रामीणों का प्रतिनिधित्व कर रहे रामकुमार खरे पुत्र स्व.श्यामलाल खरे ने निजी कम्पनी के मोबाइल टॉवर को हटाये जाने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश शासन को आईजीआरएस पोर्टल शिकायत के माध्यम से शिकायती पत्र भेजा है।

हाल में महानगर झांसी व मूल ग्राम हर्षपुर निवासी रामकुमार खरे ने बताया कि गांव में देवीजी मंदिर के पीछे आवंटित भूमि संख्या आराजी 1450 पर है, जो अजय पाल सिंह पुत्र भवानी सिंह के नाम है, यह मोबाइल टॉवर अच्छेंद्र पाल सिंह पुत्र अजय पाल सिंह की भूमि आराजी संख्या 1398 पर मोबाइल टॉवर लगा दिया गया है, जो कि ग्रामसभा की जमीन बतायी जाती है। यहां घनी आबादी के मध्य एक कम्पनी द्वारा अपना मोबाइल टॉवर लगा दिया गया है। जब उन्होंने इस सम्बन्ध में जानकारी की तो पाया कि शासनादेश के अनुसार उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता अधिनियम के अनुसार यह जमीन घरौनी की है, जिस पर कम्पनी के रसूख व गांव के कुछ लोगों की सांठगांठ से उस जमीन पर यह टॉवर लगा दिया गया है। जानकारी होने के बाद उन्होंने शासनादेश के नियमों की अनदेखी और नये जन्में बच्चों, आसपास आबादी के लोगों, गंभीर बीमारियों से ग्रसित बुजुर्गों, बेजुबान जानवरों को खतरा उत्पन्न होने की बलवती होतीं संभावनाओं के मद्देनजर जिला प्रशासन से लेकर शासन स्तर पर आईजीआरएस के जरिए शिकायत दर्ज करायी है।

इस सम्बन्ध में जब उन्होंने गांव के लेखपाल से वार्ता की, जिस पर कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिल सका। लेखपाल ने शिकायतकर्ता को बताया कि आपकी शिकायत तहसीलदार तालबेहट को बतायी गयी है, निकट समय में समस्या का निस्तारण कराया जा सकेगा। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इस प्रकरण में मिली भगत से मनमाने तरीके से शासनादेश के नियमों और लोगों की सुरक्षा को अनदेखा करते हुये यह टॉवर लगाया गया है, जिससे लोगों को वर्तमान में काफी भय और भविष्य में जनहानि होने का खतरा उत्पन्न हो रहा है।

**क्या होती है घरौनी की जमीन**

उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के अनुसार घरौनी की जमीन को इस प्रकार दर्शाया गया है, जिसके अनुसार घरौनी की जमीन पर छोटा सा गार्डन, गाय के लिए पानी की व्यवस्था, गांव की छोटी-मोटी परचूनी की दुकान लगाने का नियम है। यहां किसी भी प्रकार की व्यवसायिक उपयोग या यह जमीन विक्रय योग्य नहीं होती है।

---

### विश्व पृथ्वी दिवस पर विशेष

# नौ ग्रहों में पृथ्वी केवल संसाधनों का भंडार नहीं, बल्कि जीवन का आधार भी: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

विश्व पृथ्वी दिवस पर स्तंभकार सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि सूर्य की परिक्रमा कर रहे नौ ग्रहों में पृथ्वी ही एकमात्र ऐसा ग्रह है, जहाँ जीवन संभव हुआ है। यह ग्रह जितना विशाल दिखाई देता है, ब्रह्माण्ड की व्यापकता में उतना ही छोटा प्रतीत होता है—मानो वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से जुड़ा एक लघु परिवार।

पृथ्वी का वह पतला आवरण, जिसे जीवमंडल कहा जाता है, जीवन की अनगिनत विविधताओं का आधार है। सूर्य से प्राप्त ऊर्जा के सहारे यहाँ जैविक क्रियाओं का सतत चक्र चलता रहता है। इस जीवन-चक्र का संरक्षण और संतुलन बनाए रखना आज मानवता के सामने सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है, ताकि मानव समाज अपने कर्तव्यों के प्रति सजग हो सके। हमारे वैदिक ऋषियों ने भी प्रकृति के प्रति गहरी संवेदनशीलता दिखाई थी। उन्होंने पृथ्वी सूक्त के माध्यम से धरती के प्रति श्रद्धा और संरक्षण का संदेश दिया। विश्वम भवति एकनीडम अर्थात सम्पूर्ण संसार एक घोंसले के समान है—यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

किन्तु आधुनिक युग में मनुष्य की सोच में एक विचलन स्पष्ट दिखाई देता है। प्रत्येक व्यक्ति सम्पूर्ण पृथ्वी पर अधिकार चाहता है, जबकि सत्य यह है कि पृथ्वी को प्रत्येक मनुष्य की सेवा और संरक्षण की आवश्यकता है। स्वामित्व की भावना ने जीवन को जटिल और कुटिल बना दिया है। त्यागमय उपभोग और संतुलित जीवनशैली के स्थान पर उपयोग करो और फेंक दो की प्रवृत्ति ने प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन शुरू कर दिया है। सादा जीवन और उच्च विचार की परम्परा पीछे छूटती जा रही है, और अनियंत्रित उपभोग को ही प्रगति का पर्याय मान लिया गया है। भारत ने अतीत में विज्ञान और ज्ञान के क्षेत्र में विश्व को अनेक महत्वपूर्ण योगदान दिए। दशमलव प्रणाली जैसी खोजों ने आधुनिक विज्ञान और कंप्यूटर तकनीक की नींव रखी। कृषि क्षेत्र में भी हरित क्रान्ति के माध्यम से देश ने आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ाया। विदेशी वैज्ञानिकों के सहयोग और भारतीय वैज्ञानिकों के परिश्रम से संकर गेहूँ की किस्मों ने देश को खाद्यान्न संकट से उबारकर निर्यातक राष्ट्र बना दिया।

---

### यूपीएस पनारी में कार्यक्रम का आयोजन किया

# विश्व पृथ्वी दिवस पर बच्चों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उच्च प्राथमिक विद्यालय पनारी में विश्व पृथ्वी दिवस 2026 के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की वैश्विक थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह के अनुरूप विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण और धरती को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता रैली से हुई, जिसमें छात्रों ने धरती माता करे पुकार, कम करो प्लास्टिक का भार और पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ जैसे नारों के साथ ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक औषधीय एवं फलदार पौधे लगाए। मुख्य वक्ता एवं प्रभारी मोहम्मद जाकिर ने कहा कि आज पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग और




प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि हर दिन पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प है। उन्होंने छात्रों को प्लास्टिक का उपयोग कम करने, जल संरक्षण करने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाध्यापिका सीमा जैन ने सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर छात्रों द्वारा चार्ट एवं पोस्टरों के माध्यम से पर्यावरण बचाने के संदेश प्रस्तुत किए गए। अनुदेशक नंदिनी के मार्गदर्शन में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रवीण ने प्रथम, अलीना ने द्वितीय तथा पूर्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रतिभा यादव, तारा तिवारी, पूर्णिमा, खुर्शीद बानो सहित विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में छात्रों को पर्यावरण मित्र बनने के लिए प्रेरित किया गया।

## भारी मशीनों से करोड़ों की लागत से बनी सड़कें अब सिर्फ धूल और गड्ढों का ढेर रह गईं

# सेकनपुर में दिनदहाड़े तो सेमलापार में रात के अंधेरे में सीना चीर रही पोकलेन, अफसर मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि उन्हें न तो कानून का भय है और न ही प्रशासन की परवाह। पार्वती नदी अब सिर्फ रेत निकालने का जरिया नहीं, बल्कि माफियाओं की निजी जागीर बन चुकी है। आलम यह है कि सेकनपुर खदान पर दिन के उजाले में बेखौफ होकर भारी मशीनों से सीना छलनी किया जा रहा है, वहीं सेमलापार में रात के सन्नाटे को पोकलेन की गड़गड़ाहट चीर रही है। दो दिन पहले हरिभूमि में खबर के प्रकाशन के बाद भी स्थिति जस की तस है, जिससे यह साफ है कि माफिया का पावर शासन और प्रशासन से भी बड़ा हो चुका है।

### आतंक का दूसरा नाम रेत माफिया

क्षेत्र में माफियाओं का इस कदर आतंक है कि ग्रामीण उनके खिलाफ बोलने से भी डरते हैं। लोगों में इतना भय है कि कोई उस तरफ जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। यह सिर्फ अवैध उत्खनन नहीं है, बल्कि पार्वती नदी के अस्तित्व को खत्म करने की साजिश है। माफियाओं ने नदी के स्वरूप को इस तरह बिगाड़ दिया है कि आने वाले समय में यह गंभीर पर्यावरणीय संकट खड़ा कर देगा।

### डामर गायब, सिर्फ गड्ढों का राज

सेकनपुर में इन माफियाओं की भारी मशीनों और ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली ने ग्रामीण इलाकों की सड़कों का दम निकाल दिया है। करोड़ों की लागत से बनी सड़कें अब सिर्फ धूल और गड्ढों का ढेर रह गई हैं। आलम यह है कि सड़क पर डामर ढूंढने से भी नहीं मिलता, लेकिन इन उजड़ी हुई सड़कों पर दौड़ते ट्रैक्टर ट्राली अधिकारियों की नजरों से ओझल हैं।




बेखौफ चल रही पोकलेन मशीनें, राजस्व को करोड़ों की चपत
पार्वती की छाती छलनी करने में लगा रेत माफिया


सुठालिया तहसील से महज 30 मिनट की दूरी पर लूट रही खनिज संपदा, जिम्मेदार झाड़ रहे अपना पल्ला
खबर का असर तो हुआ पर माफिया ने बदला पैंतरा, दिन में 'कर्फ्यू', रात में पोकलेन का 'तांडव'
खनिज अधिकारी ने फोन से बनाई दूरी, क्या विभाग की 'शरण' में फल-फूल रहा है रेत का काला कारोबार?

**खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल:** सबसे बड़ा सवाल खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर उठता है। खनिज अधिकारी किसी का फोन उठाना जरूरी नहीं समझते। क्या साहब की चुप्पी रेत माफियाओं के प्रति उनकी वफादारी है? या फिर वे शासन की संपत्ति की इस खुली लूट को जानबूझकर नजरअंदाज कर रहे हैं? महज कुर्सी पर बैठकर वेतन लेना ही क्या उनका कर्तव्य रह गया है? एक तरफ माफिया अत्याधुनिक पोकलेन मशीनों से लैस हैं, वहीं दूसरी तरफ तहसीलदार साहब के पास मौके पर पहुंचने के लिए गाड़ी तक उपलब्ध नहीं है। प्रशासन का यह संसाधन विहीन चेहरा हास्यस्पद भी है और डरावना भी। जब रक्षक ही संसाधनों का रोना रोकर पीछे हट जाएं, तो जनता किससे उम्मीद करे?

**खास बातें**

- सेकनपुर सेमलापार में दिन दहाड़े चल रही पोकलेन मशीनों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?
- खनिज अधिकारी का फोन नहीं उठाना क्या मिलीभगत का संकेत है?
- ग्रामीण सड़कों के विनाश का जिम्मेदार कौन? क्या माफिया से इसकी वसूली होगी?
- सेकनपुर से सेमलापार तक गुंडागर्दी, क्या प्रशासन से भी ऊंचा है रेत माफिया का कद?

**इनका कहना है...**

हम समझ रहे देख रहे हैं, कार्यवाही करेंगे। हम मीटिंगों में लगे रहते हैं। थोड़ा टाइम कम है। हम काम करेंगे और कार्यवाही भी करेंगे।

**रणधीरसिंह मीणा,** चार्ज प्रभारी तहसीलदार सुठालिया

## साल 2022 में घटित हुआ था यह अपराध

# चांदी के कड़ों के लिए काटे थे वृद्धा के पैर, 3 को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

धन और पैसों का लालच इंसान को अंधा कर देता है और इसी लिप्सा में व्यक्ति जधन्य अपराध भी कर बैठता है। फरवरी 2022 में जिले के भोजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदी के कड़ों के लिए एक वृद्ध महिला के हाथ-पैर काटकर उसकी हत्या करने वाले 3 आरोपियों को राजगढ़ न्यायालय ने सश्रम आजीवन कारवास की सजा से दंडित किया है। आरोपियों पर कोर्ट ने अर्थदंड भी अधिरोपित किया है। चूंकि घटना के वक्त मौके पर कोई नहीं था, ऐसे में कोर्ट ने परिस्थितिजन्य सबूतों को दृष्टिगत रखते हुए यह फैसला सुनाया है।

प्रारंभिक जांच में मृतिका के पुत्र ने यह बताया कि उसकी मां शादी, विवाह के कार्यक्रम में खाना बनाने के लिए ख्वाजू, दिनेश व कमल के साथ जाती थी। घटना के एक दिन पहले भी उन्हीं के साथ खाना बनाने गई थी। उक्त बयानों के बाद तीनों अभियुक्तों को तलाश कर अभिरक्षा में लेकर कड़ी पूछताछ की गई जिसमें उन्होंने अपराध कबूल कर लिया। आरोपियों से चांदी का एक कड़ा, लोहे का धारदार छुरा एवं अन्य सामग्रियों को जप्त किया गया। न्यायालय के समक्ष अभियोजन की ओर प्रकरण के 11 गवाहों के कथन कराये गए। इसके साथ ही अंतिम मौके तक सजा दिलाने के लिए लिखित एवं मौखिक अंतिम बहस पेश की गई। जिसके आधार पर सभी आरोपी दोषी करार दिये गये।

**खास बातें**

- हत्या करने के आशय हेतु एवं अवसर की उपलब्धता की परिस्थिति।
- अंतिम बार देखे जाने की परिस्थिति।
- अभियुक्तण के कब्जे से मृतिका के चांदी के कडे जप्त होने की परिस्थिति।
- मृतिका के पुत्र द्वारा चांदी के कडे (आंवले) की पहचान करना।
- मृतिका के प्रदर्शों पर अभियुक्तगण के रक्त नमूना के

### दोनों पैर काटकर कर दी थी हत्या

अभियोजन की ओर से प्रकरण में पैरवी करने वाले आलोक श्रीवास्तव ने बताया की 25.02.2022 को सूचनाकर्ता द्वारा सूचना दी गई थी कि मल्हारपुरा से माचलपुर जाने वाली रोड के पास खंती में एक महिला का शव पड़ा है। शव की पहचान शैतानबाई उर्फ शांतिबाई पत्नी नारायणसिंह सौधिया निवासी पदमपुरा के रूप में हुई। मृतिका का दोनो पैर काट दिये थे एवं उसके गले पर भी धारदार हथियार से गला रेंतने की चोटें पाई गईं थीं। मामले में थाना भोजपुर के द्वारा देहाती नालसी पंजीबद्ध कर जांच की गई। घटनास्थल से मिट्टी, मृतिका की चप्पल व पास पडा कपडा जप्त करते हुए शव की पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। पीएम के दौरान डॉक्टर ने पाया कि मृतिका के हाथ में बाल फँसे हुए हैं, तब डॉक्टर द्वारा मृतिका की स्लाईड, कपडे एवं बाल संरक्षित कर थाना भोजपुर को भेजे। पुलिस के द्वारा धारा 302, 201 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। मृतिका के पुत्र यह बताया गया था कि मां पैरों में चांदी के कड़े पहनती थी जो उनके पैरों में नहीं हैं।

## मजदूर संघ ने नारेबाजी करते हुए रखी जायज मांगें

# आउटसोर्स कर्मियों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




जिले के विभिन्न विभागों में आउटसोर्स पद्धति से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों के हितों, उनकी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में भारतीय मजदूर संघ मुखर होकर सामने आया है। इसी कड़ी में मंगलवार दोपहर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा।

ज्ञापन में आउटसोर्स कर्मचारियों से संबंधित प्रमुख समस्याओं का विस्तारपूर्वक उल्लेख करते हुए उनके शीघ्र निराकरण की मांग की गई। कर्मचारियों ने सेवा शर्तों में सुधार, वेतन विसंगतियों के निराकरण, समय पर वेतन भुगतान तथा ईएसआई, पीएफ जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं को सुनिश्चित किए जाने की प्रमुख मांग रखी। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी एवं एवं आउटसोर्स कर्मचारी उपस्थित रहे। ज्ञापन का वाचन भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री संजय शेखर शर्मा द्वारा किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को अवगत कराया कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो कर्मचारियों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि उक्त समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर पर प्रेषित किया जाएगा तथा यथाशीघ्र उचित कार्यवाही के प्रयास किए जाएंगे।

इस अवसर पर संघटन पदाधिकारी पवन मेहता, राजेश सक्सेना, विश्वास नायक गांवकर, पवन शर्मा, विनोद, मंगलेश मेहरा, पिंकी सोनी, श्रीमती प्रफुल्ल सोहंदिया, आकाश भिलाला, अशोक मिश्रा, बापूजी सुमन, महेंद्र सिंह जाट, श्री घनश्याम सोनी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान संघ ब्लॉक इकाई ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरंगपुर




भारतीय किसान संघ ब्लॉक इकाई द्वारा मंगलवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपा। जिसमें भारतीय किसान संघ किसानों की समस्याओं को लेकर समय समय पर शासन प्रशासन को अवगत कराते आया है। साथ ही किसानों के स्लाट बुक होने में आ रही परेशानी को दूर कर सभी किसानो के स्लाट बुक करवा कर पंजीयन पर गेहू तुलवाए जाए। कृषि पम्प के पुराने तार एव झूले हुए तार एवं खम्बे को सही किया जाए। इन्ही झूले हुए तारो की वजह से आए दिन आगजनी की दुर्घटना होती रहती है जिससे किसानों को नुकसान होता है।

पराली जलाने पर जो भी कार्यवाही शासन द्वारा किसानो पर की गई उस पर रोक लगाई जावे एवं पराली प्रबंधन के लिये शासन द्वारा उचित कार्यवाही की जाए। मण्डीयों में गेंहू समर्थन मूल्य से कम नही बिकना चाहिए इसके लिए शासन उचित प्रबंधन करें। सोलर पम्प के लिए किसानो द्वारा राशि जमा की गई उन्हें तुरुन्त सोलर पम्प लगाकर दिया जाए। तहसीलदार के यहाँ रास्ते के जितने भी लंबित प्रकरण हैं उनका समय पर निराकरण कराया किया जाए जिससे किसानों को आने जाने में परेशानी न हो। ग्राम कलालीमाताजी में दराना जाने वाला रास्ता मनरेगा से बना हुआ है उस पर कुछ लोगो के द्वारा अवैद्य कब्जा करने के कारण 60 से 70 किसानो को निकलने एवं फसल को लाने ले जाने में समस्या आती है वहां अतिक्रमण हटवाया जाए। किसानो को सेटेलाइट सर्वे मान्य नहीं है। इसलिए सैटेलाइट सर्वे बंद करने की मांग की। इस अवसर पर संभागीय सदस्य समंदरसिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष भगवानसिंह पाटीदार, जितेंद्र नागर, तहसील अध्यक्ष देवनारायण नागर, उपाध्यक्ष सुनील पाटीदार, चंद्र प्रकाश पाटीदार, मुरली पाटीदार सहित अन्य किसान मौजूद थे।



# प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर में पुलिस की कथित ज्यादती और मनमानी के विरोध में फूलमाली समाज जिला पंचायत का एक प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने समाज के युवाओं के साथ भेदभावपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान माली समाज जिला अध्यक्ष संतोष पुष्पद ने बताया कि हाल ही में हुई चाकूबाजी की घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जो इंदौर के अस्पताल में भर्ती है। घायल के शरीर पर 4-5 चाकू के घाव होने के बावजूद आरोपियों पर केवल हल्की धाराएं लगाकर छोड़ दिया गया, जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि खारिया मोहल्ले के एक युवक को पुलिस ने 24 घंटे तक थाने में बैठाकर प्रताड़ित किया और बाद में निर्दोष पाकर छोड़ दिया। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि पूर्व में भी प्राणघातक हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया था, जिसमें 7 दिनों में कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। शुक्रवार को घायल युवक विमल के पिता कैलाश पुष्पद को भी पुलिस द्वारा घर से उठाकर थाने ले जाया गया, जिन्हें बाद में एसपी के निर्देश पर छोड़ दिया गया। इस दौरान एसपी अमित तोलानी ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### 28 अप्रैल को थाने के घेराव की चेतावनी

फूल माली समाज ने 28 अप्रैल को राजगढ़-गुना इकाई के बैनर तले सारंगपुर थाने का घेराव कर प्रदर्शन करने की घोषणा की है। समाज के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश पुष्पद, जिला सचिव महेश पुष्पद, संगठन मंत्री नीरज पुष्पद, महामंत्री महेंद्र पुष्पद, उपाध्यक्ष रामबाबू पुष्पद सहित समाज के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बोलेरो व बाइक की भिड़ंत में दो की मौत, चालक गंभीर घायल



**सारंगपुर।** मंगलवार को पड़ाना चौकी क्षेत्र के ग्राम करौंदी जोड़ पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बोलेरो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बोलेरो जीप और बाइक के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो वाहन पलटी खा गया। हादसे में बाइक सवार नवीन नायक निवासी अलूनी और अशोक शर्मा निवासी पड़ाना की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बोलेरो चालक अर्जुन पिता मुंशीलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस एवं एम्बुलेंस को दी। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों व मृतकों को सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद नवीन नायक और अशोक शर्मा को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल चालक अर्जुन का उपचार जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों का पोस्टमार्टम करवाया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिए। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## तपती गर्मी में मटकों की बढ़ी मांग, ठंडे पानी के लिए लोगों का भरोसा फिर लौटा



**सारंगपुर।** इन दिनों भीषण गर्मी का असर साफ नजर आ रहा है। तापमान लगातार बढ़ने के साथ ही लोगों का रुझान पारंपरिक साधनों की ओर बढ़ रहा है, खासकर ठंडा पानी पाने के लिए मिट्टी के मटकों की मांग तेजी से बढ़ गई है। नगर के विभिन्न स्थानों पर कुम्हारों द्वारा तैयार किए गए मटके, घड़े और सुराही की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। गर्मी के मौसम में मिट्टी के बर्तन न केवल पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखते हैं, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी माने जाते हैं। प्लास्टिक और फ्रिज के ठंडे पानी की तुलना में मटके का पानी अधिक शीतल और स्वादिष्ट होता है। यही कारण है कि लोग एक बार फिर पारंपरिक विकल्पों को अपनाने लगे हैं। स्थानीय कुम्हारों का कहना है कि हर साल गर्मी के मौसम में उनकी बिक्री बढ़ जाती है, लेकिन इस बार तापमान अधिक होने से मांग और भी ज्यादा है। कई कारीगर दिन-रात मेहनत कर मटकों का निर्माण कर रहे हैं ताकि बाजार की जरूरत पूरी की जा सके। इससे उनके रोजगार को भी मजबूती मिल रही है।

दूसरी ओर, आम नागरिक भी मटकों को किफायती और उपयोगी विकल्प मान रहे हैं। कम कीमत में उपलब्ध ये मटके बिजली की खपत के बिना ठंडा पानी उपलब्ध कराते हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलता है। कुल मिलाकर, भीषण गर्मी के बीच मटकों की बढ़ती मांग ने एक बार फिर पारंपरिक जीवनशैली और स्थानीय कारीगरों की अहमियत को उजागर कर दिया है।

## नगर में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का चल रहा आयोजन

# गुर्जर समाज ने बनवाया मंदिर, आज विराजेंगे भगवान देवनारायण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के मध्य प्राचीन समय से स्थित भगवान देवनारायण का गुर्जर समाज द्वारा मंदिर का निर्माण करवाया गया है। मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अब समाज समिति द्वारा पंच दिवसीय आयोजन किया जा रहा। इस तारतम्य के शुरुआत में नगर में कलश शोभायात्रा निकालने के साथ ही पांच दिवसीय महोत्सव का श्री गणेश हुआ। यज्ञाचार्य पं. टीकाराम दुबे गागोरनी वाले के मुखारविंद से वैदिक मंत्रोच्चारण किया जा रहा। गुर्जर समाज द्वारा मुख्य वेदी यजमान, वेदी यजमान, कलश चढ़ाने के लिए समाज बंधुओं के नाम तय किए गए। जिनमें कलश चढ़ाने के यजमान रामचंद्र गुर्जर शिक्षक, मुख्य वेदी यजमान दिनेश गुर्जर महर्षि स्कूल प्राचार्य सहित यजमान कमल गुर्जर , सूजानसिंह गुर्जर, सांवरिया गुर्जर, शोभाराम गुर्जर, हेमराज गुर्जर, पवन गुर्जर ऊंचावदा विधि-विधान से पूजा अर्चना कर रहे हैं।

भगवान देवनारायण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का यह आयोजन 18 अप्रेल 26 से श्री गणेश हुआ, जो 23 अप्रैल को प्राण-प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति उपरांत महाप्रसादी के साथ संपन्न होगा।

## जिलाधिकारियों से की प्रेरक मुलाकात

# सिविल सेवा दिवस पर प्रशासनिक तंत्र से रूबरू हुए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस के अवसर पर कल स्वामी विवेकानंद विद्यालय, राजगढ़ के विद्यार्थियों ने जिले के सिविल सेवा अधिकारियों से भेंट कर उनका प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान बच्चों ने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, डिप्टी कलेक्टर ज्योति बगवैया से भेट की। अधिकारीगणों ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में पूछा।

जिलाधीश ने जब एक बच्चे से पूछा की तुम्हे क्या बनना है ? प्रश्न के उत्तर में विद्यार्थी ने कहा की वह सर्वप्रथम एक अच्छा इंसान बनना चाहता है। इस उत्तर से कलेक्टर अत्यंत प्रभावित हुए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे जीवन में जिस भी पद पर पहुँचें, पर पहले एक अच्छे इंसान और अच्छे नागरिक बने और अपने परिवार और समाज की सेवा को सर्वोपरि रखें। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने विद्यार्थियों को अपने पास बैठाकर उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा उनके प्रश्नों का उत्तर दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्ड्स को देखकर उन्होंने राष्ट्रीय प्रतीक एवं तिरंगे के रंगों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य ए. साहा एवं उप-प्राचार्य श्रीमती श्वेता व्यास को बच्चों के कीर्तिमान भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

### डिप्टी कलेक्टर ने भी किया सार्थक संवाद

डिप्टी कलेक्टर ज्योति बगवैया ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में देश सेवा करने तथा समाज और परिवार के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने भी भविष्य में इन अधिकारियों के पदचिह्नों पर चलते हुए देश सेवा करने तथा समाज और परिवार के हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

## आधार संशोधन: डाकघरों में 25 को विशेष कैंप

**राजगढ़।** आधार कार्ड में संशोधन एवं अपग्रेडेशन के लिए हेडपोस्ट ऑफिस सहित जिले के अन्य डाकघरो में 25 अप्रैल को विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 8 बजे से लगने वाला यह विशेष शिविर शाम 5 तक चलेगा। इस हेतु संबंधित व्यक्तियों को 23 अप्रैल एवं 24 अप्रैल को टोकन प्रदान किए जाएंगे ताकि उन्हें किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। सीहोर डाकघर मुख्य अधीक्षक ने बताया कि यह विशेष कैंप राजगढ़ हेड पोस्ट ऑफिस सहित उप-डाकघर ब्यावरा, नरसिंहगढ़, खुजनेर, सारंगपुर, कुरावर एवं जीरापुर में आयोजित होगा। जिन व्यक्तियों को अपने आधार के नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर आदि संशोधन सहित बायोमैट्रिक अपडेट इत्यादि करवाना है, वे अपने निकट के डाकघर में पहुंचकर पंजीयन करवाते हुए टोकन प्राप्त कर सकते हैं।